बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-419
19/08/2020

जम्मू–कश्मीर के बारामूला में हुये आतंकी हमले में शहीद हुये बिहार के दो सी0आर0पी0एफ0 जवानों के परिवार को राज्य सरकार देगी 36–36 लाख रूपये तथा शहीदों के परिवार से एक–एक आश्रित को नौकरी

- ❖ शहीदों के परिवार को राज्य सरकार की ओर से 11–11 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान दिया जायेगा।
- ❖ इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहत कोष से शहीदों के परिवार को 25–25 लाख रूपये दिये जायेंगे।
- ❖ शहीदों के परिवार से एक–एक आश्रित को राज्य सरकार द्वारा नौकरी दी जायेगी।

पटना 19 अगस्त 2020 :– जम्मू–कश्मीर के बारामूला में हुये आतंकी हमले में बिहार के रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के घोषिया कलां ग्राम निवासी सी0आर0पी0एफ0 जवान खुर्शीद खान एवं जहानाबाद जिला के शकुराबाद थाना क्षेत्र के अइरा ग्राम निवासी सी0आर0पी0एफ0 जवान लवकुश शर्मा शहीद हुये थे।

मुख्यमंत्री ने जम्मू–कश्मीर के बारामूला में हुये आतंकी हमले में शहीद हुये सी0आर0पी0एफ0 जवान खुर्शीद खान एवं सी0आर0पी0एफ0 जवान लवकुश शर्मा की शहादत के सम्मान में इनके परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 11–11 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहत कोष से शहीदों के परिवार को 25–25 लाख रूपये दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीदों के परिवार से एक–एक आश्रित को राज्य सरकार द्वारा नौकरी भी दी जायेगी।

******